भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 159

उत्तर देने की तारीख 14 सितंबर, 2020

23 भाद्रपद, 1942 (शक)

खिलाड़ियों को प्रदान किए गए संसाधन

159. श्री नीरज डांगी :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में खेलों को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए कौन-कौन से संसाधन जुटाये गये हैं;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान किन-किन राज्यों में नये स्टेडियम निर्मित किए गए हैं;

(ग) खेलों के लिए खिलाड़ियों को किस प्रकार के नये उपकरण प्रदान किए गए; और

(घ) इन उपकरणों के माध्यम से खिलाड़ियों में क्या सुधार हुआ और तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) में विभिन्न संगठन और व्यक्ति योगदान देते हैं तथा इसमें सरकार द्वारा समतुल्य योगदान दिया जाता है । एनएसडीएफ की शुरुआत से इसमें 163.14 करोड़ जुटाए गए हैं । इसके अतिरिक्त, सरकार खेलों के विकास जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ खेल स्पर्धाओं का आयोजन करना, चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करना, खेल अवसंरचना का उन्नयन करना, खेल उपकरणों को खरीदना आदि शामिल हैं, को बजट से निधियां प्रदान करती है ।

(ख) ''खेल'' राज्य का विषय होने के कारण राज्यों में स्टेडियमों के निर्माण सहित खेलों के संवर्धन/ विकास के लिए खेल अवसंरचना के निर्माण का प्रमुख उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकार का है । खेल विभाग विभिन्न स्कीमों के माध्यम से इस प्रकार के प्रयासों की पूर्ति करता है ।

(ग) और (घ) खिलाड़ियों को उनकी आवश्यकताओं और खेल विधा के प्रकार के आधार पर समय-समय पर विभिन्न उपस्कर और उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं । प्रतियोगिता के विभिन्न स्तरों पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार एक सतत प्रक्रिया है ।

*****